**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**10.10.2025/प्रादेशिक समाचार/15.00 बजे**

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिह सुक्खू ने कहा है कि सोलन ज़िला के वाकनाघाट में साईबर सिटी स्थापित की जाएगी। ये साईबर सिटी 650 बीघा भूमि पर बनेगी जिसमें डाटा स्टोरेज और आर्टिफिशियल इटेंलिजेंस सहित अन्य सूचना प्रौद्योगिकी आधारित उद्योग शामिल होंगे। मुख्यमंत्री आज शिमला में डिजिटल प्रौद्योगिकी व गर्वनेंस विभाग की एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

**जयराम ठाकुर**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया है कि एच.पी.पी.सी.एल. के इंजीनियर विमल नेगी की मौत से सुक्खू सरकार के तार बहुत गहरे जुड़े हैं। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा है कि ये पहला मामला है जहां एक चीफ इंजीनियर की मौत के मामले की जांच में सरकार सहयोग करने की बजाए जांच को बाधित करने का प्रयास कर रही है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रदेश पुलिस के अधिकारी न सिर्फ सीबीआई पर उंगली उठाकर पुलिस की साख दाव पर लगा रहे हैं बल्कि उच्च न्यायालय पर भी सवाल खड़े कर रहे हैं क्योंकि ये जांच उच्च न्यायालय की देख रेख में चल रही है।

**डाक विभाग**

डाक विभाग 6 से 10 अक्तूबर तक राष्ट्रीय डाक सप्ताह मना रहा है। इसके तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। प्रदेश के चीफ पोस्ट मास्टर जनरल संजय सिंह ने आज शिमला में कहा कि डाक सप्ताह के अंतिम दिन आज ग्राहक दिवस मनाया गया। इस मौके पर लोगों को डाक विभाग द्वारा दी जा रही सेवाओं की जानकारी दी गई। संजय सिंह ने इस मौके पर कहा कि डाक विभाग लोगों को अब डिजिटल सेवाएं भी दे रहा है। इसके तहत इंडिया पोस्ट पेयमेंट बैंक के माध्यम से घर–घर तक बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने ये भी कहा कि डाक विभाग ने सभी डाक घरों को डिजिटल बनाने की प्रक्रिया तेज कर दी है।

**बिंदल**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिदंल ने प्रदेश सरकार द्वारा पंचायतीराज चुनाव को स्थगित करने के निर्णय को जन विरोधी करार दिया है। एक ब्यान ने उन्होंने कहा कि लोकतंत्र बचाने की बात करने वाली कांग्रेस पार्टी असल में लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व यानि मतदान को हानि पहुंचाने का कार्य कर रही है। बिंदल ने कहा कि यदि पंचायत चुनाव होंगे तो कांग्रेस बुरी तरह पराजित होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार ने पंचायत चुनावों में हार के डर से ही इन चुनावों को स्थगित किया है।

**रैली**

तीन दिवसीय रैली ऑफ़ हिमालय आज मनाली से शुरू हुई। विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने मनाली के 15 मील में रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली मे देश भर के करीब एक सौ 40 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। इनमें एक सौ 37 पुरूष और 3 महिलाएं शामिल हैं। गौड़ ने इस मौके पर कहा कि इस तरह के आयोजनों से मनाली में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। रैली ऑफ हिमालय के आयोजन सुरेश राणा ने कहा कि इस रैली का उद्देश्य लोगों को सड़क सुरक्षा व ट्रैफिक नियमों का पालन करने, महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने मनाली में पर्यटन को प्रोत्साहित करने और मोटर स्पोर्टस को बढ़ावा देने का संदेश देना है।

**करवा चौथ**

पति की दीर्घायु व खुशहाली के लिए करवा चौथ का त्यौहार आज प्रदेशभर में धूमधाम से मनाया जा रहा है। आज के दिन सुहागिन महिलाएं निर्जला उपवास रखती हैं और शाम को चांद का दीदार करने के बाद विधिपूर्वक पूजा अर्चना कर व्रत को खोलती है। करवा चौथ को लेकर महिलाओं में जोरदार उत्साह है। कल महिलाओं ने करवा चौथ के लिए जमकर खरीदारी की। करवाचौथ के मौके पर आज शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर हजारों सुहागिने एक साथ करवा चौथ के चांद का दीदार करेंगी। शिमला ज़िला पुलिस ने इस दौरान व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस जवान रिज व मालरोड तथा आसपास के इलाकों में तैनात किए हैं। करवा चौथ के मौके पर राज्य पर्यटन विकास निगम ने अपने होटल में ठहरने वाले विवाहित जोड़ों को कमरे के किराए में विशेष छूट का भी ऐलान किया है।

**रोजगार मेला**

अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव के उपलक्ष्य में कुल्लू ज़िला प्रशासन 15 अक्तूबर को रथ मैदान में रोजगार मेले का आयोजन करेगा। मेले के सफल आयोजन के लिए आज आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त तोरूल एस. रवीश ने कहा कि इस मेले में देश और प्रदेश की नामी कंपनियां हिस्सा लेंगी जो युवाओं को रोजगार के अवसर पैदा करेगी। उन्होंने कहा कि रोजगार मेले के दौरान एक हजार से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाए जाएंगे। इनमे स्किल्ड, सैमी स्किल्ड और अनस्किल्ड श्रेणियों के पद शामिल हैं। उपायुक्त ने कहा कि मेले में भाग लेने वाली कंपनियां मुख्य रूप से पर्यटन, ऑटो मोबाईल, फार्मा, सिक्योरिटी, अतिथ्य और औद्योगिक क्षेत्र की कंपनियां शामिल हैं। उपायुक्त ने कहा कि ये मेला युवाओं का अपनी योग्यता और कौशल के अनुसार रोजगार प्राप्त करने का उत्कृष्ट अवसर प्रदान करेगा।

---